# कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी, कन्नौज वन प्रभाग, कन्नौज

पत्रांक– 2892 /14–1, कन्नौज, दिनांक, 12/05/ ,2023

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक
कानपुर मण्डल, कानपुर

विषयः– जनपद कन्नौज में एन0एच0–91 किमी0 289 से 356 तक (नवीगंज से मित्रसेनपुर मार्ग) 04 लेन चौड़ीकरण हेतु प्रभावित 99.328 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 64782 वृक्षों व 24281 पौधों के पातन की अनुमति के प्रस्ताव में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ की पत्र संख्या–2831/11सी–FP/UP/Road/26451/2017 दिनांक 02.03.2023 एवं आपके कार्यालय की पत्र संख्या 2611/14–1 दिनांक 10.03.2023।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, जिससे मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा से अपेक्षा की गयी थी कि विषयक प्रकरण में पटरी वृक्षारोपण किये जाने हेतु अवशेष 15.00 हे0 अवनत वनभूमि के सापेक्ष 20.00 हे0 सकल अवनत वनभूमि आगरा वन प्रभाग में यथाशीघ्र चयनित कर सूचना/अभिलेख प्रेषित करें।

उक्त के कम में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा ने अपने पत्रांक 4448/14–1 दिनांक 03.03.2023 एवं 5273/14–1 दिनांक 06.05.2023 द्वारा आगरा वन प्रभाग की जैतपुर रेंज के अन्तर्गत पई वन ब्लाक में 10.00 हे0 व खिलावली वन ब्लाक में 10.00 हे0 भूमि चयनित कर इससे सम्बन्धित उपयुक्तता प्रमाण पत्र, क्षतिपूरक वृक्षारोपण का 10 वर्षों का अनुरक्षण सहित प्राक्कलन, जियो रिफरेंस मैप, के0एम0एल0 फाइल, टोपोशीट एवं चयनित भूमि के जी0पी0एस0 रीडिंग इस कार्यालय को उपलब्ध कराये गये है।

अतः विषयक प्रकरण में वृक्षारोपण किये जाने हेतु आगरा वन प्रभाग में चयनित की गयी भूमि से सम्बन्धित उपयुक्तता प्रमाण पत्र, क्षतिपूरक वृक्षारोपण का 10 वर्षों का अनुरक्षण सहित प्राक्कलन, जियो रिफरेंस मैप, के0एम0एल0 फाइल एवं टोपोशीट की प्रतियॉ प्रतिहस्ताक्षरित कर सी0डी0 सहित 03 प्रतियों में संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं।

संलग्नक :– यथोपरि (03 प्रतियॉ सी0डी0 सहित)

Received
शिवम दुबे

भवदीय

(राकेश कुमार सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
कन्नौज वन प्रभाग, कन्नौज

पत्रांक 2892 /समदिनांकित

प्रतिलिपि :– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा को उपरोक्त के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

(राकेश कुमार सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
कन्नौज वन प्रभाग, कन्नौज

O/C

GN Letter March-23

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, कानपुर मण्डल, कानपुर

पत्रांक 3148 / 14–1 दिनांक, कानपुर, मई, 23 / 2023

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी
उत्तर प्रदेश लखनऊ

विषयः– जनपद कन्नौज में एन0एच0–91 किमी0 289 से 356 तक (नवीगंज से मित्रसेनपुर मार्ग) 04 लेन चौड़करण हेतु प्रभावित 99.328 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 64782 वृक्षों व 24281 पौधों के पातन की अनुमति के प्रस्ताव में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक–2831 / 11सी–एफ0पी0 / यू0पी0 / रोड / 26451 / 2017 दिनांक 10.03.2023

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में प्रभागीय वनाधिकारी कन्नौज वन प्रभाग कन्नौज ने अपने पत्रांक 2892 / 14–1 दिनांक 12.05.2023 द्वारा जनपद कन्नौज में एन0एच0–91 किमी0 289 से 356 तक (नवीगंज से मित्रसेनपुर मार्ग) 04 लेन चौड़करण हेतु प्रभावित 99.328 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 64782 वृक्षों व 24281 पौधों के पातन की अनुमति के प्रस्ताव में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु 15 हे0 भूमि के सापेक्ष आगरा वन प्रभाग की जैतपुर रेन्ज के अन्तर्गत पई वन ब्लाक में 10 हे0 एवं खिलावली वन ब्लाक में 10 हे0 भूमि चयनित कर उपयुक्तता प्रमाण पत्र, क्षतिपूरक वृक्षारोपण का 10 वर्षो का अनुरक्षण सहित प्राक्कलन, जियोरिफ्रेंस मैप, के0एम0एल0 फाइल, टोपोशीट एवं चयनित भूमि के जी0पी0एस0 रीडिंग इस कार्यालय को उपलब्ध कराये गये है।

अतः विषयगत प्रकरण में वृक्षारोपण किये जाने हेतु आगरा वन प्रभाग में चयनित की गयी भूमि से सम्बन्धित उपयुक्तता प्रमाण पत्र, क्षतिपूरक वृक्षारोपण का 10 वर्षो का अनुरक्षण सहित प्राक्कलन, जियोरिफ्रेंस मैप, के0एम0एल0 फाइल, टोपोशीट एवं चयनित भूमि के जी0पी0एस0 रीडिंग सी0डी0 सहित 03 प्रतियां मूल में संलग्न कर आपको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नकः–यथोपरि

भवदीय

(कृष्ण कुमार सिंह)
मुख्य वन संरक्षक
कानपुर मण्डल, कानपुर

*संख्याः अ / समदिनांकित*

*प्रतिलिपिः*–प्रभागीय वनधिकारी कन्नौज वन प्रभाग कन्नौज को उनके पत्रांक 2892 / 14–1 दिनांक 12.05.2023 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(कृष्ण कुमार सिंह)
मुख्य वन संरक्षक
कानपुर मण्डल, कानपुर

osc:spcial/ Letter. May2022